# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-10.09.2025**

**विषयः- कुल 37.20 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ 01 नफ़र बाल अपचारी को थाना सारनाथ पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पंचकोशी रेलवे क्रांसिग के पास से 01 नफ़र बाल अपचारी को आज दिनांक-10.09.2025 को समय करीब 01.10 बजे पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। बाल अपचारी के कब्जे से कुल 37.20 ग्राम नाजायज़ हेरोइन, हेरोइन की बिक्री से प्राप्त कुल 310/-रु0 नगद व 02 अदद मोबाईल फोन बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0425/2025 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**बाल अपचारी का विवरण-** 01 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 17.8 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. कुल 37.20 ग्राम नाजायज़ हेरोइन।
2. हेरोइन की बिक्री से प्राप्त कुल 310/- रु0 नगद।
3. 02 अदद मोबाइल फोन।

**अभिरक्षा मे लेने/बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय-** पंचकोशी रेलवे क्रांसिग के पास से, दिनांक-10.09.2025 को समय करीब 01.10 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0-0425/2025 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

**अभिरक्षा मे लेने/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-**

थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 पवन कुमार, उ0नि0 रोशन राय, हे0का0 विनीत कुमार सिंह व हे0का0 पंकज कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**